**विचार-प्रवाह...**बढ़ता व्यापार घाटा




# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 30 नवंबर 2021




मौसम | अधिकतम 27.0° | न्यूनतम 24.0° | 38243.40

2 पहले अपनी ताकत जांच लेना

7 भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच हुआ ड्रा

# कृषि कानून वापसी पर संसद की मुहर

## बिल पर राष्ट्रपति की मुहर लगनी बाकी, कांग्रेस बोली– उपचुनाव के नतीजे देखकर लिया फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा से भी कृषि कानून निरसन विधेयक पास हो गया है। इससे पहले लोकसभा में भी यह बिल पास हो चुका है। इस तरह शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों से तीनों कृषि कानून वापसी बिल पारित हो गया है जिनके विरोध में पिछले एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन हो रहा है। अब इसमें राष्ट्रपति की मुहर लगनी बाकी है।

सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे के साथ शुरू हुआ। इसके बावजूद सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा से तीन कृषि कानूनों को निरस्त कराने का विधेयक पारित करा लिया है। हालांकि ऐसा विपक्ष की नारेबाजी के बिना नहीं हो सका। हंगामे के बीच दोनों सदनों में ध्ध्वनिमत से विधेयक पारित कराए गए। स्पीकर ने लोकसभा को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है।

**एमएसपी पर चर्चा करे सरकारः टिकैत**

लोकसभा में कृषि कानून वापसी बिल पास होने पर राकेश टिकैत ने कहा कि अब सरकार एमएसपी पर चर्चा करे। उन्होंने कहा कि अब 4 दिसंबर को आगे की कार्रवाई का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि श्सरकार के साथ टकराव की कोई बात ही नहीं है। अभी सरकार है कहां?श टिकैत ने कहा कि सरकार अब दूसरे मुद्दों पर बात करे।

**लोकसभा में चर्चा होनी चाहिए थी:** कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आज कृषि कानून निरसन विधेयक बिना चर्चा के लोकसभा में पास किया गया हम उसे सपोर्ट करते हैं लेकिन हम ये चाहते थे कि उस पर चर्चा हो कि क्यों इतनी देर हुई और दूसरे मुद्दे भी हैं जिन पर चर्चा हो, लेकिन उन्होंने (सरकार) टालने की कोशिश की। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा में बिल पास होने के बाद कहा, एमएसपी लीगल गारंटी के साथ लागू की जाए। 35,000 किसानों को झूठे केसों में फसाया गया उन्हें मुक्त कराने की मांग और आंदोलन के दौरान मृतक 700 किसानों को मुआवजा देने की मांग पर सदन में चर्चा के लिए मौका दिया जाना चाहिए था, लेकिन हमें सदन में बोलने नहीं दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोगों से नए कोरोना वायरस वेरिएंट ओमिक्रोन के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया। शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, हमने महामारी के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान कोविड के टीकों की 100 करोड़ से अधिक खुराक दी है।



### पीएम नरेंद्र मोदी की बड़ी घोषणा

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को मार्च 2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान 80 करोड़ से अधिक लोगों को राहत देने के लिए सरकार मुफ्त राशन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना चला रही है। प्रधानमंत्री ने शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, हम देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना चला रहे हैं ताकि उन्हें अधिक समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस योजना को अब मार्च 2022 तक बढ़ा दिया गया है।

### कांग्रेस का आरोप– उपचुनाव के नतीजे देखकर लिया फैसला

लोकसभा के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में कृषि कानून निरसन विधेयक पेश किया था। सदन में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी बात रखी थी। राज्यसभा में खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार ने उपचुनाव के नतीजे देखने के बाद कृषि कानून वापस लेने का फैसला किया। खड़गे ने कहा कि आगे पांच राज्घ्यों में चुनाव है, इसलिए सरकार को लगा कि अड़े रहे तो कड़ा नुकसान हो सकता है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसके जवाब में कहा कि हम किसानों को समझाने में सफल नहीं हुए इसलिए प्रधानमंत्री ने ऐतिहासिक बड़प्पन का परिचय दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में लोगों के लिए सर्दियां शुरू हो गई हैं। वहीं, दीवाली के बाद से राजधानी दिल्ली समेत आस–पास के क्षेत्र में प्रदूर्षण ने भी लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। जलवायु परिवर्तन का असर माना या कुछ और लेकिन देश में मौसम की हालिया स्थिति कुछ ज्यादा अच्छी नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, ताजा सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ मंगलवार रात से उत्तर–पश्चिम और इससे सटे मध्य भारत को प्रभावित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप 30 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच गुजरात, उत्तरी महाराष्ट्र, इससे सटे दक्षिण–पश्चिम मध्य प्रदेश और दक्षिण राजस्थान में भारी से छिटपुट बारिश होने की संभावना है। 1 और 2 दिसंबर के दौरान जम्मू–कश्मीर लद्दाख गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है।

# कांग्रेस के छह समेत कुल 12 राज्यसभा सांसदों पर गिरी गाज

## सभापति ने पूरे सत्र से किया निलंबित, पिछले सत्र में किया था शोर–शराबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विपक्ष के 12 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित कर दिया। ये 12 सांसद पूरे सत्र में सदन लौट नहीं पाएंगे। इनमें कांग्रेस के छह, टीएमसी और शिवसेना के दो–दो जबकि सीपीएम और सीपीआई के एक–एक सांसद हैं।

**पिछले सत्र के दौरान हुए हंगामे पर हुई कार्रवाई:** ये वही सांसद हैं जिन्होंने पिछले सत्र में किसान आंदोलन एवं अन्य कई मुद्दों के बहाने संसद के उच्च सदन में खूब हंगाम मचाया था। उस दौरान इन सांसदों ने उप–सभापति हरिवंश पर कागज फेंका था और सदन के कर्मचारियों के सामने रखी टेबल पर चढ़ गए थे। इन सांसदों पर कार्रवाई की मांग की गई थी जिस पर राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू को फैसला लेना था।

आज जब संसद सत्र फिर से शुरू हुआ तो सभापति एम. वेंकैया नायडू ने अपना फैसला सुना दिया। ध्यान रहे कि राज्यसभा में इन विपक्षी सांसदों का बेहद अमर्यादित व्यवहार का जिक्र करते हुए सभापति भावुक हो गए थे। इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि सभापति इस संबंध में कोई कड़ा और बड़ा फैसला लेंगे।

**कांग्रेस के 6 सांसदों का निलंबनः** उन्होंने जिन सांसदों पर कड़ी कार्रवाई की है, उनमें अकेले कांग्रेस के छह सांसद शामिल हैं। जो कांग्रेसी सांसद इस सत्र में राज्यसभा लौट नहीं पाएंगे, वो हैं– फुलो देवी नेताम, छाया वर्मा, आर बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन और अखिलेश प्रताप सिंह।

कांग्रेस के इन सांसदों के अलावा सीपीएम के एलमरम करीम, सीपीआई के विनय विश्वम, टीएमसी के शांता छेत्री और डोला सेन जबकि शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई को भी राज्यसभा की कार्रवाई से पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया है।

### सरकार जानती है कि गलत काम किया हैः राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद से कृषि कानून निरसन विधेयक, 2021 पारित होने पर खुशी जताई है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने कहा कि हमें पता था कि 3–4 बड़े पूंजीपतियों की शक्ति हिंदुस्तान के किसानों के सामने खड़ी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने माफी मांगी, इसका मतलब प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि उनकी गलती के कारण 700 लोग मारे गए। उनकी गलती से आंदोलन हुआ।

# प्रदेश में सभी पुलिसकर्मियों का होगा कोविड एंटीजन टेस्ट

**संवाददाता**

देहरादून। ऋषिकेश में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की वीआईपी ड्यूटी में लगे सात पुलसकर्मियों के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। डीजीपी अशोक कुमार ने सोमवार को प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों के कोविड एंटीजन टेस्ट कराने के निर्देश दिए हैं।

**जनरल बीसी जोशी कोविड अस्पताल में संक्रमित की मौतः** कुमाऊं के जनरल बीसी जोशी कोविड अस्पताल में भर्ती नैनीताल निवासी 70 वर्षीय एक कोविड संक्रमित मरीज की मौत हो गई। मरीज 15 नवंबर को अस्पताल में भर्ती हुआ था। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ अरुण जोशी के अनुसार, मरीज की भर्ती के समय से ही स्थिति गंभीर बनी हुई थी। निमोनिया, सांस व अन्य दिक्कतें भी थीं। अस्पताल में करीब तीन महीने बाद किसी की कोविड संक्रमित की मौत हुई है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में प्रशिक्षण लेने आए बिहार, झारखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों के कोरोना संक्रमित आईएफएस अधिकारियों को मंगलवार को उनके मूल कैडर वाले राज्यों को भेज दिया जाएगा।

### निर्देश

■संक्रमित आईएफएस अधिकारियों को आज राज्यों के लिए किया जाएगा रवाना

जिलाधिकारी डॉक्टर आर राजेश कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अगुवाई में टीम ने रविवार को अकादमी में जाकर कोरोना संक्रमित आईएफएस अधिकारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। एकेडमी के एडिशनल डायरेक्टर एसके अवस्थी ने बताया कि फिलहाल सभी अधिकारी पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। लिहाजा उनके बेहतर स्वास्थ्य को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी अधिकारियों को 12 मंगलवार तक उनके मूल कैडर वाले राज्यों में भेजने की इजाजत दे दी है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, ओमीक्रोन है बेहद खतरनाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोगों से नए कोरोनावायरस नए वेरियंट ओमिक्रोन के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन को देखते हुए इंटरनेशनल पैसेंजर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। ये नियम एक दिसंबर से लागू होंगे। इसके मुताबिक, किसी भी इंटरनेशनल डेस्टिनेशन से भारत आने वाले यात्रियों से उनकी पिछले 14 दिन की ट्रैवल हिस्ट्री का रिकॉर्ड मांगा जाएगा यानी वे इस दौरान किस–किस देश में गए, इसकी जानकारी देनी होगी।

### ओमिक्रोन से मुकाबला के लिए टीके की तैयारी

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड वेरिएंट ओमीक्रोन से जुड़े खतरे को काफी ज्यादा बताया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह कितना संक्रामक और खतरनाक स्ट्रेन है, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एस्ट्राजेनेका, मॉडर्ना, नोवावैक्स और फाइजर सहित तमाम दवा कंपनियों ने कहा कि ओमिक्रोन के सामने आने के बाद वे अपने टीके को उसका मुकाबला करने के लिए परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं और ये टीके 100 दिन में तैयार होने की उम्मीद है।